# तेज रफ्तार हाइवा ने कुचला - बस पलटी, 2 मरे; 15 घायल





**सतना। सतना और नवगठित मैहर जिला आज भीषण सड़क हादसों से दहल उठा। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए इन हादसों में एक किशोर और एक राहगीर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बस पलटने और अन्य दुर्घटनाओं में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं।**

### घर के बाहर टहल रहे किशोर को बाइक ने रौंदा

**अमरपाटन:** सतना-अमरपाटन रोड पर गुरुकुल स्कूल के पास एक हृदयविदारक घटना घटी। ग्राम गडौली निवासी 15वर्षीय राकेश यादव अपने घर के बाहर टहल रहा था,तभी एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 और 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया,जहाँ से उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### हाइवा ने पैदल यात्री को कुचला,चालक पकड़ाया

पत्थर से लदे एक अनियंत्रित हाइवा ने कृपालपुर के पास पैदल जा रहे एक व्यक्ति को कुचल दिया। हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने भाग रहे हाइवा चालक को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### मैहर में बस पलटी,मची चीख-पुकार

मैहर जिले के अमदरा थाना अंतर्गत टोल टैक्स के समीप घुंवारा के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार,इस



हादसे में 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया है।

### अन्य दुर्घटनाएं: पुलिया के नीचे गिरीं गाड़ियां

बर्दाडीह वार्ड-10 में एक बड़ा हादसा होते-होते टला। यहाँ एक अधूरी पुलिया पर कार लटक गई। गनीमत रही कि कार नीचे नहीं गिरी और उसमें सवार परिवार बाल-बाल बच गया। कोटर थाना क्षेत्र के खाम्हा ढोढी के पास भी एक फोर व्हीलर पुलिया के नीचे जा गिरी। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुँचकर बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने यातायात सुरक्षा पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।









## खबर संक्षेप

### बेला में जनगणना कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सतना।** भारत जनगणना 2027 के तहत चल रहे मकान सूचीकरण एवं गणनाकार्य का कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को तहसीलदार सौरभ मिश्रा के साथ तहसील रघुराजनगर ग्रामीण अंतर्गत ग्राम बेला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एचएलबी-204 के प्रगणक गणेश साहू एवं एचएलबी-203 की प्रगणक सरस्वती मांझी के कार्यक्षेत्र का भ्रमण कर कार्य की प्रगति देखी गई। साथ ही सुपरवाइजर मो.जावेद और शैलेश तिवारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर जनगणना कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा एचएलओ ऐप में की जा रही प्रविष्टियों की समीक्षा की। इस दौरान ऐप में दर्ज आंकड़ों का परीक्षण किया गया और प्रगणकों द्वारा तैयार किए गए नजरी नक्शों की भी जांच की गई। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता,शुद्धता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार है,जिसमें प्रत्येक प्रगणक और पर्यवेक्षक की भूमिका अहम होती है। तहसीलदार सौरभ मिश्रा ने भी क्षेत्रीय अमले को सतत निगरानी रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नगर परिषद नागौद वार्ड 13 में उपचुनाव हेतु अधिकारी नियुक्त


**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा नगर परिषद नागौद के वार्ड क्रमांक 13 के रिक्त पार्षद पद पर उप निर्वाचन संपन्न कराने हेतु आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जारी आदेश में उप चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नागौद जीतेन्द्र कुमार वर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर तथा प्रभारी तहसीलदार नागौद सुश्री प्रज्ञा दुबे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का स्थान अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय कक्ष नागौद निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि उप निर्वाचन की सभी कार्यवाहियां नियमानुसार एवं समयसीमा में पूर्ण की जाएं।

### नेशनल लोक अदालत आज

**सतना।** सतना जिले में 9 मई 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत संबंधी मामलों में उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से लंबित प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लंबित मामलों को प्राथमिकता से लिया जाएगा। इसके तहत घरेलू,कृषि तथा 5 किलोवाट भार तक के गैर-घरेलू और 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट का लाभ दिया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया हैं,वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने प्रकरणों का समाधान कर सकते हैं और शासन द्वारा दी जा रही छूट का फायदा ले सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का त्वरित एवं सरल निराकरण कराएं।

# रेलवे स्टेशन के बगल में होटल संचालकों की दबंगई





### सड़क-नाली पर कब्जा, गदंगी में बन रहे है समोसे

**मैहर।** मैहर रेलवे स्टेशन के समीप सिधी कॉलोनी क्षेत्र में होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की मनमानी और गुंडागर्दी से स्थानीय लोग परेशान हैं। आरोप लगाए जा रहे है कि आम सड़क और नालियों को अवरुद्ध कर होटल संचालकों ने खाना बनाने और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का अड्डा बना लिया है। नालियां बजबजा रही हैं,जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना हुआ है। इस क्षेत्र में स्थिति इतनी बदतर बताई जा रही है कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के आने-जाने तक का रास्ता बाधित हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार होटल संचालकों पर किसी प्रकार का भय दिखाई नहीं दे रहा। मामला तब और गंभीर हो गया जब मीडिया कर्मी के द्वारा मौके की खबर कवरेज की जा रही थी। आरोप है कि खबर बनाने से नाराज करीब आधा दर्जन लोगों ने जबरन हाथापाई की,कैमरा बंद करवाने का प्रयास किया और मोबाइल छीनने तक की कोशिश की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब खुलेआम इस प्रकार की गुंडागर्दी हो सकती है,तो आम रहवासियों और सफाई कर्मचारियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता होगा,इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। होटलों के पीछे शराब की खाली बोतलों का ढेर भी पड़ा मिला है,जिससे क्षेत्र में चल रही गतिविधियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि कुछ संचालक दबंगई के दम पर सड़क और नाली तक घेरकर अपना गुंडाराज चला रहे हैं। गौरतलब है कि मैहर कलेक्टर के द्वारा लगातार स्वच्छता और अतिक्रमण को लेकर सख्ती के निर्देश दिए जाते रहे हैं, लेकिन रेलवे स्टेशन के पास सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में गंदगी और अव्यवस्था प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रही है। अब देखने वाली बात होगी कि नगर पालिका और जिला प्रशासन इन बेलगाम होटल संचालकों पर क्या कार्रवाई करता है या फिर स्वच्छता अभियान केवल कागजों तक ही सीमित रहेगा।

# 15 दिन में निर्माण कार्य में प्रगति नहीं हुई तो निरस्त होगा टेंडर

### कलेक्टर ने सोनौरा स्थित निर्माणाधीन मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का किया निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को महापौर योगेश ताम्रकार के साथ सोनौरा में निर्माणाधीन मल्टीस्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गति धीमी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी को 15 दिवस का अंतिम चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाती है,तो संबंधित निर्माण एजेंसी का टेंडर निरस्त कर एजेंसी को टर्मिनेट करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में निर्माणाधीन एडमिन ब्लॉक,स्विमिंग पूल,मल्टी स्पोर्ट्स हॉल एवं इंडोर स्पोर्ट्स हॉल का अवलोकन किया तथा गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जिले के खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र साबित होगा। उन्होंने परिसर में खिलाड़ियों एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए कैंटीन अथवा रेस्टोरेंट विकसित करने का सुझाव भी दिया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा,उत्कर्ष प्रताप सिंह,ई.ई.मुकेश चतुर्वेदी, उपयंत्री अश्वनी सिंह,शैलेंद्र सिंह दहायत सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोकल परिवहनकर्ताओं को माल ढुलाई में 60 फीसद हिस्सेदारी व भाड़ा वृद्धि हो: मनोज शर्मा

**सतना।** सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि पूर्व वर्षों में जिले की सीमेंट फैक्ट्रियों द्वारा सतना जिले के स्थानीय परिवहनकर्ताओं एवं मोटरमालिकों को उत्पादक माल ढुलाई में पर्याप्त भागीदारी प्रदान की जाती थी तथा भाड़ा दरें भी संतोषजनक हुआ करती थीं। किन्तु विगत कुछ वर्षों से फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा प्रदेश के बाहर के ट्रांसपोर्टरों एवं मोटर मालिकों को प्राथमिकता दिए जाने के कारण स्थानीय परिवहन व्यवसाय गंभीर संकट की स्थिति में पहुँच गया है।सतना जिला सीमेंट उद्योग का प्रमुख केंद्र होने के कारण यहाँ बड़ी संख्या में परिवहन व्यवसायी,मोटर मालिक,चालक,परिचालक एवं इस व्यवसाय से जुड़े हजारों परिवार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना जीवनयापन करते हैं। संस्था का कहना है कि फैक्ट्री प्रबंधन की दोहरी नीति के चलते स्थानीय परिवहनकर्ता आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं तथा अनेक व्यवसायी अपना कार्य बंद करने की स्थिति में पहुँच चुके हैं। संस्था द्वारा समय -समय पर पत्राचार एवं संवाद के माध्यम से स्थानीय परिवहनकर्ताओं की समस्याओं एवं वर्तमान परिस्थितियों से फैक्ट्री प्रबंधन को अवगत कराया जाता रहा है। संस्था ने माँग की है कि स्थानीय परिवहन व्यवसाय को पुनर्जीवित करने एवं हजारों परिवारों के हितों की रक्षा हेतु सीमेंट फैक्ट्रियों में उत्पादक माल ढुलाई का कम से कम 60फीसद कार्य स्थानीय परिवहनकर्ताओं को प्रदान किया जाए तथा वर्तमान भाड़ा दरों में उचित वृद्धि की जाए,जिससे परिवहन व्यवसाय पुनः सशक्त एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। संस्था को पूर्ण विश्वास है कि संबंधित प्रबंधन स्थानीय परिवहनकर्ताओं की पीड़ा,भावनाओं एवं आर्थिक परिस्थितियों को गंभीरता से समझते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।

### ट्रेनों में बिक रहा रंग किया हुआ खीरा

**मैहर।** रेलवे स्टेशनों एवं चलती ट्रेनों में इस समय रंग किया हुआ खीरा एवं खाद्य सामग्री की बिक्री की जा रही है। इस व्यापार से यात्रियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। कई स्थानों पर कथित तौर पर कृत्रिम रंग और मिलावटी सामग्री से तैयार खीर खुलेआम बेच जा रहे है। चमकदार रंग और गाढ़ेपन के नाम पर यात्रियों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जबकि खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई नदारद दिखाई दे रही है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन परिसर में बिकने वाला खीरे देखने में आकर्षक जरूर होता है,लेकिन स्वाद और गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार,कृत्रिम रंग और खराब दूध से बनी खाद्य सामग्री पेट संबंधी बीमारियों और फूड पॉइजनिंग का कारण बन सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील सार्वजनिक स्थानों पर खाद्य पदार्थों की नियमित जांच क्यों नहीं हो रही। यात्रियों ने खाद्य विभाग और रेलवे प्रशासन से जांच अभियान चलाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।
फोटो-11

### मैहर पहुंचे राज्य मंत्री लखन,मां शारदा के किए दर्शन



**मैहर।** मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री लखन पटेल मैहर पहुंचे,जहां उन्होंने मां शारदा देवी के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में उनके आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान विशेष रूप से भाजपामंडल बेरमा के उपाध्यक्ष रवेंद्र सिंह,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, सत्यभान पटेल,गणेश विश्वकर्मा,इंद्रजीत सिंह मैनी एवं मनोज चौरसिया सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राज्य मंत्री लखन पटेल के मैहर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मां शारदा के दर्शन के बाद मंत्री ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल भी जाना।

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार हेतु छात्र रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से शुक्रवार को वैकल्पिक समाधान केंद्र परिसर से छात्र-छात्राओं की जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गीता सोलंकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी ने विद्यार्थियों को लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित एवं सुलभ निराकरण संभव है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रूपाली उईके ने रैली में शामिल छात्र-छात्राओं से समाज के विभिन्न वर्गों तक विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। जागरूकता रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी,जहां आमजन को नेशनल लोक अदालत के लाभों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज प्रशांत कुमार निगम,जिला न्यायाधीश विकास भटेले,मुकेश कुमार यादव,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार सोंधिया,न्यायिक मजिस्ट्रेट पुष्पराज सिंह उईके,भूपेश कुमार मिश्र,जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी सहित एकेएस विश्वविद्यालय के विधिसंकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ.विधि शम्भरकर,डॉ.अजय सिंह,शशिकांत दुबे एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

### नगर परिषद नागौद उपचुनाव 2026 का कार्यक्रम घोषित, 2 जून को होगा मतदान

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर परिषद नागौद के वार्ड क्रमांक 13 के उप निर्वाचन वर्ष 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 11 मई 2026 से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। अभ्यर्थी प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 18मई निर्धारित की गई है,जबकि 19मई को नामांकन पत्रों की जांच (संवीक्षा) की जाएगी। उम्मीदवार 21 मई तक अपना नाम वापस ले सकेंगे,जिसके बाद उसी दिन अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। यदि आवश्यक हुआ तो 2 जून 2026 को प्रातः 7बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतगणना 4 जून 2026 को प्रातः 9 बजे से शुरू होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से कराए जाएंगे और मतदाताओं को "नोटा" (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो चुकी है,जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को अपने खर्च का दैनिक लेखा रखना अनिवार्य होगा तथा नामांकन के साथ शपथ-पत्र,फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे।

## खबर संक्षेप

### डायमण्ड चौराहा सहित पन्ना नगर के संपूर्ण सीमा क्षेत्र में धरना प्रदर्शन एवं रैली व पद यात्रा पर प्रतिबंध

**पन्ना।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी पन्ना संजय कुमार नागवंशी द्वारा आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से शहर के व्यस्ततम क्षेत्र डायमण्ड चौराहा सहित पन्ना नगर की संपूर्ण सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन करने तथा रैली और पद यात्रा निकालने पर प्रतिबंध लगाया गया है। विदित हो कि अनुविभाग पन्ना एवं अजयगढ़ अंतर्गत शासन की विभिन्न लोकोपयोगी परियोजनाओं केन बेतवा लिंक परियोजना, रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना एवं मझगांय सिंचाई परियोजना के तहत बांध निर्माण के लिए भू-अर्जन हुई भूमियों व परिसंपत्तियों से संबंधित व्यक्तियों द्वारा पन्ना नगर में डायमण्ड चौराहा या अन्य स्थल पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन रैली करने आदि की योजना के संबंध में विभिन्न माध्यमों से सूचना प्राप्त हुई थी। ऐसे व्यक्तियों द्वारा परियोजना कार्य के संबंध में विगत कई दिनों से किए जा रहे अवरोध के कारण परियोजना संबंधी शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा क्षेत्र में अराजकता जैसी स्थिति निर्मित होने के कारण कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना भी बनी रहती है। आम नागरिकों की दैनिक दिनचर्या, शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन, आवागमन व्यवस्था और साईलेंट जोन व्यवस्था सहित नगर में कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत उक्त प्रतिबंध लगाया गया है। नगर पालिका परिषद पन्ना को ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से आदेश की सूचना सभी संबंधितों की जानकारी के लिए प्रसारित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### राज्यपाल के कर कमलों से सम्मानित हुईं डॉ. श्रुति अग्रवाल, क्षेत्र का बढ़ाया मान



**संस्कार, संघर्ष और संकल्प की प्रतीक पिता शिरीष अग्रवाल बने प्रेरणा के सशक्त आधार**

**पन्ना।** भोपाल में मंगुभाई छगनलाल पटेल (मध्यप्रदेश के राज्यपाल) द्वारा आयोजित एक गरिमामय समारोह में डॉ. श्रुति अग्रवाल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, चिकित्सा सेवा के प्रति समर्पण एवं समाजोपयोगी योगदान के लिए प्रदान किया गया। वर्तमान में डॉ. श्रुति अग्रवाल नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर में स्त्री एवं प्रसूति रोग (गायनेकोलॉजी) विषय में स्नातकोत्तर (एम.डी.) की पढ़ाई कर रही हैं तथा साथ ही चिकित्सा सेवाओं में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इससे पूर्व उन्होंने भोपाल से एमबीबीएस (चिकित्सा स्नातक) की उपाधि प्राप्त कर जिला चिकित्सालय पन्ना में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शैक्षणिक क्षेत्र में भी उनका प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। वर्ष 2016 में मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उन्होंने प्रदेश की शीर्ष-10 सूची में स्थान प्राप्त कर अपने नगर को गौरवान्वित किया। उनके इस प्रेरक प्रदर्शन के बाद से क्षेत्र के विद्यार्थी भी निरंतर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर रहे हैं। सम्मान प्राप्ति के अवसर पर डॉ. श्रुति अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्री शिरीष अग्रवाल और मां श्रीमती विनीता अग्रवाल को देते हुए भावुक शब्दों में कहा कि "हमारे पिताजी ने सदैव हमें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और हर परिस्थिति में हमारा मार्गदर्शन किया।" उन्होंने बताया कि उनके पिता हार्डवेयर एवं कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं, किंतु व्यस्तता के बावजूद उन्होंने उनकी शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

# कानून का राज्य आखिर कहां, रूंझ डेम परियोजना का एक बार फिर मौके पर परियोजना से प्रभावित परिवारों ने रूकवाया काम

## महिलाओं ने आगे बढ़कर रूंझ डेम का रोका कार्य, भारी संख्या में पुलिस बल भी चर्चा का विषय

पन्ना





भू-अर्जन की कार्यवाही एसडीएम के द्वारा की जाती है वहीं संबंधित विभाग जल संसाधन के द्वारा निर्माण कार्य एजेन्सी के माध्यम से कराया जाता है। बार-बार परियोजना का कार्य रूकवाने के कारण जहां कार्य एजेन्सी का कार्य प्रभावित होता है वहीं विकास की दिशा भी बिलम्ब को लेकर काम अवरूद्ध होने से जानी जाती है। वहीं प्रशासन को चुनौती देकर बार-बार जहां परियोजना का कार्य रूकवाया जाता है जबकि भू-अर्जन की कार्यवाही व मुआवजे को लेकर अपनी मांगें प्रशासन के समक्ष जहां कई बार प्रभावितों ने रखी वहीं जिला प्रशासन के मुखिया व संबंधित मातहथ अधिकारियों के द्वारा संबंधित मांगों को निराकरण को लेकर कार्यवाही को बढ़ाने की बात कही जाती है फिर भी प्रशासन से उठा भरोसा प्रभावित परिवारों ने महिलाओं को आगे करके एक बार फिर रूंझ डेम परियोजना का रोका काम। आखिर विकास कैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए गति के साथ आगे बढ़ेगा बडा सवाल। पन्ना जिला में सिंचाई परियोजनाओं में रूंझ डेम परियोजना व मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना भावी भविष्य के विकास को लेकर महत्वपूर्ण मानी जाती है। ये परियोजनायें इसी वर्ष की नहीं बल्कि इनका समय पूर्ण होने का कहें तो अतिश्योक्ति नहीं पर मुआवजे को लेकर हर वर्ष डेम के कार्य को प्रभावित किया जाता रूकवाया जाता है आखिरकार कानून का राज्य कहां है कानून का पालन कराने वाले इस जिले में क्या असफल हो चुके है। कानून अपने हांथ में लेना लोगों ने एक अपनी कार्यप्रणाली बना ली। आखिरकार अपने हित के लिए विकास कार्यों बार-बार रोका जाना कहां तक लाजमी। मुआवजे की बात करें तो नियमानुसार शासन के मापदण्डों को लेकर जहां जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा वर्तमान समय में नीति निर्धारण या फिर सक्षम अधिकारी जिन्हें निर्णय को लेकर अंजाम देना है समय के साथ आगे क्या तय होना है यह तो एक कागजी कार्यवाही है पर बार-बार डेम के कार्य को रूकवाना आखिरकार यह कहां तक उचित माना जाये। इस जिले में कानून का राज्य कौन पालन करायेगा या कि इसी तरह आंदोलन हंगामा करके कार्यों को रूकवाया जायेगा। इस तरह से कार्य रोके जाने पर संबंधित कार्य एजेन्सी जो डेमों को बना रही है क्या उनके कार्यो में बाधा नहीं मानी जाती। जहां एक तरफ कार्य एजेन्सी समय पर यदि कार्य नहीं करती तो उन पर कार्यवाहियां तय होती है यहां कार्य नहीं करने दिया जाता तो क्या? सवाल यह उठता है कि मुआवज की राशि का निर्धारण संबंधित तहसील के एसडीएम राजस्व विभाग का होता है जो तय होता है नियमानुसार मुआवजे की राशि वह संबंधित विभाग को एवार्ड के रूप में पारित कराकर प्रदान कराई जाती है राशि फिर कार्य रूकवाने का मामला कहां तक जायज। जहां बारिश आने का समय वहीं बार-बार डेमो के कार्य रूकवाये जाते है इसके पीछे क्या राजनैतिक मंसूबे भी जुड़े होना माना जाये या फिर मात्र प्रभावितो को प्रशासन पर अब भरोसा नहीं। हालात कहीं न कहीं जिले में कानून व्यवस्था को पालन कराये जाने वालों को चुनौती है अब देखना है कि अब डेमों में जहां कार्य कराये जाने को लेकर जिला प्रशासन की मुखिया कलेक्टर पन्ना आखिरकार क्या कदम उठायेगी। जहां एक तरफ जिले में कई बार इन डेमों के कार्यो रूकवाये जाने को लेकर ये घटनायें घटित हो चुकी है इसके बावजूद भी बार-बार प्रशासन इस समझाईस के बाद एक बार फिर रूंझ डेम का कार्य रोका गया आखिर आगे होता है क्या सबकी नजर। इतना ही नहीं सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल भी तैनात की जाती है। क्या यह सब जिले में विकास कार्यों को कराने के लिए अब बिना पुलिस के संभव नहीं आखिरकार बार-बार इस तरह के हालात जो तय हो रहे है इसका स्थाई समाधान होगा कब क्या जिम्मेदार आम जनता का भरोसा हांसिल करने असफल है या फिर वास्तविकता में प्रभावित परिवारो के पीछे अब कुछ और ताकते कार्य कर रही है जिन्हें विकास से नहीं बल्कि मुद्दों को बनाये रखना उचित माना जाता है। आखिरकार रूंझ डेम जैसे परियोजना जो अजयगढ़ तहसील की आधी आवादी का भविष्य संवारने के लिए उचित मानी जा रही है इस कार्य को बार-बार रोका जाना कहां तक लाजमी।



# अपराध मुक्त जीवन जीने की दी शिक्षा

## अपने मन में आशा का दीप जगाये: ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।** ब्रह्माकुमारी विद्यालय के द्वारा जिला पन्ना जेल में कैदियों के लिए एक विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी कैदी भाइयों को समझते हुई कहा कि गलती करना मनुष्य की कमजोरी है,लेकिन गलती स्वीकार कर परिवर्तन कर लेना सबसे बड़ी ताकत है मन को पवित्रता और स्वच्छता से संपन्न बनाना है किसी भी प्रकार का व्यसन,बुराई वा अवगुण अपने अंदर ना रहे चित्रों के माध्यम से कर्मों के बारे में समझाया जैसा कर्म वैसा फल आज आप सभी अपने-अपने गलत कर्म व गलत आदतों के कारण गलत व्यवहार की वजह से दुखी उदास परेशान है लेकिन जब आप कर्मों के नियम को ध्यान में रखकर कोई कर्म करते हैं तो जीवन में सुख शांति की अनुभूति करना सहज हो जाता है। आपने सभी को समझाते हुए कहा कि छोटी सी गलती के कारण आप सभी दुखी परेशान एवं परिवार से दूर हैं,आपका परिवार भी चिंतित है, इसलिए आज के दिन पर हम दृढ़ प्रतिज्ञा करें कि बाहर जाने के बाद हम अपने जीवन को बदलकर ही दिखाएंगे मेडिटेशन ध्यान की विधि बताकर एवं अभ्यास कराया आपने कहा कि मेडिटेशन से मन पर काबू पाया जा सकता है, जिससे हम गलत कर्म करने से बच जाते हैं सभी ने परिवर्तन होने की प्रतिज्ञा की। अंत में सभी ने नशा मुक्त होने की प्रतिज्ञा की एवं कैदी भाइयों ने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में श्री राजकुमार विधिक सेवा प्राधिकरण, अतुल सेन विधिक सहायता अधिकारी एवं गणेश सिंह जेल अधीक्षक सहित स्टाफ उपस्थित रहा। जेलर साहब ने सभी को कहा कि जो आप लोगों ने सुना उसका अनुसरण करना है, विधिक सेवा अधिकारी ने धन्यवाद करते हुए पुनः आने की अपील की।

**ट्रैक्टरों की आधा किलोमीटर लंबी लाइन लगी, अन्नदाता**

# जिगदहा साइलो केंद्र में किसानों से सैंपल के नाम पर 5 से 7 किलो गेहूं लिए जा रहे





**देवेंद्रनगर।** तहसील क्षेत्रा अंतर्गत जिगदहा स्थित श्री बांके बिहारी साइलो केंद्र में गेहूं खरीदी व्यवस्था पूरी तरह सवालों के घेरे में नजर आ रही है। सरकार किसानों को सुविधा देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। साइलो केंद्र पहुंचे किसानों का आरोप है कि यहां "सैंपल" के नाम पर 5 से 7 किलो तक गेहूं लिया जा रहा है। इतना ही नहीं, यदि गेहूं में थोड़ी बहुत मिट्टी निकल जाए तो उसके नाम पर भी अतिरिक्त गेहूं मांगा जा रहा है। किसानों का कहना है कि आखिर यह गेहूं जा कहां रहा है? वहीं खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि दो दिनों से केवल एक ही तुलाई मशीन चालू है, जबकि दूसरी मशीन बंद पड़ी हुई है। नतीजाकृकेंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आधा किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। किसान घंटों धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। किसानों ने आरोप लगाया कि केंद्र पर न बैठने की व्यवस्था है, और न ही कोई सूचना बोर्ड लगाया गया है। किसानों को यह तक नहीं बताया जा रहा कि सैंपल के नाम पर कितना गेहूं लिया जाना नियम में है। अन्नदाताओं का कहना है कि केंद्र में पूरी तरह मनमानी चल रही है और जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। एक तरफ सरकार किसानों के हितों की बात करती है, दूसरी तरफ जिगदहा साइलो केंद्र में किसान परेशान होकर व्यवस्था को कोसते नजर आए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसानों की इस पीड़ा को सुनेगा या फिर अन्नदाता यूं ही लाइन में खड़े होकर व्यवस्था का शिकार बनते रहेंगे।

# दमन से नहीं दबेगी हक की आवाज़: अमित भटनागर की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या, उन्हें बिना शर्त तत्काल रिहा किया जाए!

**केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के नाम पर आदिवासियों के विनाश और तानाशाही के खिलाफ मध्यप्रदेश में मुहिम तेज होगी**

पन्ना।



जन संघर्ष समन्वय समिति, मध्यप्रदेश, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के खिलाफ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से लड़ रहे प्रमुख जन-नेता अमित भटनागर की कायरतापूर्ण गिरफ्तारी की कड़े शब्दों में भर्त्सना करती है। कुपिया गाँव से बिजावर थाना प्रभारी (ज्) द्वारा की गई यह गिरफ्तारी स्पष्ट रूप से भाजपा की मोहन यादव सरकार की बौखलाहट और तानाशाही का प्रमाण है। अमित भटनागर के गिरफ्तारी की उपरांत मजगांय एवं रूज मध्यम सिंचाई परियोजना के प्रभावितों के मुद्दे एवं समस्याओं को निदान के लिए अनुसूचित जनजाति विभाग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया एवं मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार आज दिनांक 8 में 2026 को दोपहर 2:00 बजे विश्रमगंज पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। जय किसान संगठन के नेता अमित भटनागर द्वारा प्रस्तावित श्न्याय अधिकार यात्राश को शुरू होने से पहले ही कुचलने का प्रयास यह सिद्ध करता है कि सरकार जनता के सवालों से डरी हुई है। जन संघर्ष समन्वय समिति एव आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) मांग करती है कि अमित भटनागर को तत्काल और बिना शर्त रिहा किया जाए और आंदोलनकारियों की सभी संवैधानिक मांगों को तुरंत पूरा किया जाए। अपनी गिरफ्तारी के समय अमित भटनागर ने प्रदेश की जनता और अपने संघर्ष के साथियों के नाम एक अडिग संदेश भेजा है, उन्होंने कहा कि ष्ये मुझे जेल में सड़ा दें या फांसी पर लटका दें, पर आंदोलन को कमजोर मत पड़ने देना। मुझे गर्व है कि मैं अपने जल, जंगल, ज़मीन, हजारों लोगों के जीवन, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल में हूँ। मेरे बाद आंदोलन का नेतृत्व दिव्या अहिरवार करेंगी और गाँव-गाँव की महिला शक्तियाँ इस मशाल को जलाए रखेंगी।ष यह संदेश न केवल एक व्यक्ति की दृढ़ता है, बल्कि पूरे आंदोलन की असाधारण मजबूती का प्रतीक है। जन संघर्ष समन्वय समिति, मध्यप्रदेश ने इस पूरी परियोजना के औचित्य पर ही सवाल उठाती है। केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड के संसाधनों की लूट और पारिस्थितिकीय आपदा का ब्लूप्रिंट हैरू यह विकास का नहीं विनाश का मॉडल है। इसलिए जन संघर्ष समन्वय समिति मध्य प्रदेश एव आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) मांग करती है कि अमित भटनागर सहित सभी गिरफ्तार कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई हो, केन-बेतवा परियोजना के नाम पर हो रहा फर्जी सर्वे और निर्माण कार्य तुरंत रोका जाए, प्रशासनिक दमन और फर्जी मुकदमों की न्यायिक जांच हो, मुआवजा राशि को बढ़ाकर 25 लाख किया जाए और ष्जमीन के बदले जमीन का सिद्धांत लागू हो और पन्ना टाइगर रिजर्व और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए परियोजना को रद्द किया जाए। जन संघर्ष समन्वय समिति स्पष्ट करती है कि यदि सरकार ने अपना दमनात्मक रवैया नहीं बदला, तो यह आंदोलन केवल छतरपुर और पन्ना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश और दिल्ली की सड़कों तक पहुंचेगा। लोकतंत्र में लाठी और जेल से जनता के मुद्दों को नहीं दबाया जा सकता।

# देवेंद्रनगर के शिवालय मंदिर में शिव विवाह प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु





देवेन्द्रनगर।

पन्ना जिले के देवेंद्र नगर स्थानीय बस स्टैंड स्थित शिवालय मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समस्त नगरवासियों के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। गुरुवार को कथा व्यास सागर से पधारे श्री ब्रजेश जी महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का मार्मिक एवं जीवंत वर्णन किया।कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान शिव के स्वरूप और उनके विवाह के आध्यात्मिक पक्ष को समझाते हुए बताया कि शिव और शक्ति का मिलन ही जगत के कल्याण का आधार है। शिव विवाह के प्रसंग के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल श्हर-हर महादेवश और श्जय श्री रामश के जयघोष से गुंजायमान हो गया।महाराज जी ने भक्ति की महिमा बताते हुए विभिन्न भक्त चरित्रों का वर्णन किया और कहा कि निस्वार्थ भक्ति से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव है। आयोजन समिति ने बताया कि मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित यह कथा नगर की सुख-समृद्धि और एकता के लिए समस्त देवेंद्र नगर वासियों के जन-सहयोग से आयोजित की जा रही है।कथा के समापन पर मुख्य यजमानों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती की और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पन्ना पुलिस द्वारा सलेहा थाना अन्तर्गत अवैध शराब का परिवहन कर आरपियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

## 15 पेटी (135 लीटर) अवैध शराब कीमती करीब 57 हजार रुपये सहित परिवहन मे प्रयुक्त बलेनो कार की गई जप्त।



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं समस्त एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सलेहा उपनिरी बलवीर सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कार में अवैध शराब सथनिया तरफ से बिक्री हेतु पटना तमोली तरफ आ रही है, सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई जहां मुखबिर सूचना के आधार पर घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम ने बलेनो कार क्र. डच-35र्-ॠ-3959 को रोका, चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। तलाशी लेने पर कार के अन्दर कुल 15 पेटी अवैध देशी शराब (लगभग कुल 115 लीटर) जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 57000/- है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त बलेनो कार क्र. डच-35र्-ॠ-3959 कीमती 5 लाख रु. कुल कीमती करीबन 557000/- का मशरूका जप्त किया गया। मामले में थाना सलेहा में अपराध क्रमांक 126/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**राहनीय योगदान-**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उपनिरी बलवीर सिंह, सउनि भैयामन सिंह, सउनि पर्वत सिंह, प्रआर आदित्य कुशवाहा, राजेश प्रजापति, रियाज मोहम्मद, आर. गौरव सिंह, बबलू पटेल, भरत पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

# ग्राम पंचायत मोहाना में मिट्टी परीक्षण प्रशिक्षण संपन्न

**जलवायु के अनूकूल खेती एवं तकनीक अपनाकर किसान करे खेती तो होगा फायदा**



**पन्ना।** ग्राम पंचायत मोहाना ग्राम निमहा अजयगढ़ में समर्थन संस्था ने रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग एवं इफको के तकनीकी सहयोग से मिट्टी जांच करने की सरल विधि एवं महत्व वताया। राजेश मौर्या एवं मुकेश कुमार सेंगर ने किसानो को जलवायु एवं समय के अनूकूल खेतीकरने एवं नये तकनीक को सीखना एवं उपयोग करने की वात कही। मिट्टी जांच करना एवं मिट्टी की सेहत को सुधारना किसानो के ही हाथ में है। वर्तमान में आमदनी कमाने की हहोंड़ में मिट्टी की सेहत खराब हो रही है। संस्था लगभग 300 गांव में पंचायत स्तर पर विस्तार कार्यकर्ता के माध्यम से मिट्टी की सेहत को सुधारने का जागरूकता कार्यक्रम कृषि विशेषज्ञ एवं आनलाईन प्रशिक्षण एवं डिजीटल सूचना प्रणाली से जानकारी देने का काम करेगा। अजयगढ़ के 4 से 5 गांव के किसानो ने निमहा ग्राम पंचायत में सिंद्वात एवं फील्ड में जाकर मिट्टी के सेंम्पल लेना एवं जांच की जानकारी ली सरपंच प्रतिनधि रामेंश्वर यादव ने कहा की कृषि वैज्ञानिकी की सलाह एवं वायोफर्टीलाईजर की जानकारी उपयोगी है ईफको प्रबंधक ने किसनो को वायोफर्टीलाइजर वितरित किया । रिलायंस के सहयोग से समर्थन संस्था के कार्यकताओ ने लगातर जानकारी दी है। कृषि विशेषज्ञ कपूर सिंह ने एवं प्रदीप तिवारी ने किसानो को पूर्व में किये कार्य के परिणाम एवं नये तकनीके फायदे वताये।

## खबर संक्षेप



### बारीगढ़ नगर परिषद ने जिले में पेश की मिसाल, 100 प्रतिशत पूर्ण किया एचएलबी कार्य

**कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देशन में बारीगढ़ का कार्य संपन्न, जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल ने टीम को दी बधाई**

**छतरपुर**। आगामी जनगणना 2027 के प्रारंभिक चरणों में 30 मई 2026 तक मकानों की गणना एवं मकानों के सूचीकरण का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने की दिशा में छतरपुर जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पार्थ जैसवाल के कुशल निर्देशन और अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बलवीर रमन एवं चार्ज अधिकारी (सीएमओ बारीगढ़) अजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में नगर परिषद बारीगढ़ ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है।नगर परिषद बारीगढ़ के अंतर्गत आने वाले एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) 01 से 16 तक का कार्य 100त्न पूर्ण कर लिया गया है। जनगणना कार्य के लिए नियुक्त किए गए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन का कार्य संपन्न किया। इस उपलब्धि के साथ ही बारीगढ़, जिले के उन क्षेत्रों में शामिल हो गया है जहाँ जनगणना का प्रारंभिक चरण सबसे पहले पूर्ण हुआ है। समस्त टीम को जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल की तरफ से बधाई दी गई है।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के नेतृत्व में जिले भर में जनगणना की बारीकियों और डेटा की शुद्धता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बारीगढ़ में चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की सतत मॉनिटरिंग के कारण फील्ड टीम ने डोर-टू-डोर पहुँचकर प्रत्येक भवन की सूची तैयार करने का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया।

**कलेक्टर ने की फील्ड टीम की सराहना**

जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी से पूर्ण करने पर कलेक्टर ने फील्ड में लगे कर्मचारियों की सराहना की है। साथ ही बारीगढ़ मॉडल की तरह ही जिले के अन्य नगरीय निकायों और तहसीलों में भी कार्य को समय से पहले पूर्ण करने के लिए लगातार मार्गदर्शन दिया जा रहा है। डिजिटल आधारित इस जनगणना में बारीगढ़ की यह सफलता आगामी चरणों के लिए एक मजबूत आधार साबित होगी।

### गेहूं परिवहन व्यवस्था चरमराई, उपार्जन केंद्रों पर खुले में पड़ा हजारों क्विंटल अनाज

**छतरपुर**। जिले में गेहूं उपार्जन व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। परिवहन व्यवस्था में भारी अव्यवस्था के चलते कई उपार्जन केंद्रों पर लगभग 50 प्रतिशत गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। डीएमओ की लापरवाही और परिवहन ठेकेदार की मनमानी के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार शासन की गाइडलाइन के तहत तौल दिवस पर ही 90 प्रतिशत गेहूं का परिवहन किया जाना था, लेकिन जिले में इस व्यवस्था का पालन नहीं हो पा रहा है। हालत यह है कि घुवारा सेक्टर और छतरपुर सेक्टर के कई उपार्जन केंद्रों पर हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।

# नौगांव थाने में पदस्थ आरक्षक ने लगाई फांसी

## बस स्टैंड स्थित पुरानी चौकी में मिला शव, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

छतरपुर।

जिले के नौगांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ नौगांव थाने में पदस्थ आरक्षक तरुण गंधर्व ने बस स्टैंड स्थित पुरानी चौकी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलते ही पूरे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुँच गए।




घटना की सूचना मिलते ही छतरपुर जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एसडीओपी अमित मिश्रा, थाना प्रभारी संजय राय सहित भारी पुलिस बल और एफएसएल टीम तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद आरक्षक के शव को फंदे से नीचे उतारा गया और पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आरक्षक तरुण गंधर्व ने इतना बड़ा आत्मघाती कदम आखिर क्यों उठाया, यह अभी तक रहस्य बना हुआ है। पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। क्या कोई पारिवारिक तनाव था, कार्य का दबाव था या कोई अन्य कारण, इन सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद नौगांव बस स्टैंड और पुरानी चौकी के आसपास भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पूरी पारदर्शिता के साथ जांच की जाएगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से जनपद सदस्य के पति की मौत

**छतरपुर**। जिले के भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम कदवां में कुदरत का कहर एक परिवार पर काल बनकर टूटा है। यहाँ एक हृदयविदारक घटना में जनपद सदस्य के पति की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। इस दुखद खबर के बाद से पूरे क्षेत्र और विशेषकर कदवां गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान बड़ामलहरा जनपद सदस्य श्रीमती रम्बू रैकवार के पति रामदीन उर्फ झगड़ा रैकवार (60 वर्ष) के रूप में हुई है।



जानकारी के मुताबिक, रामदीन रैकवार गुरुवार देर शाम अपनी मूंग की फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर स्थित कुएं के पास गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया। जब वे खुद को सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे थे, तभी अचानक गडग़ड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली उनके ऊपर गिर गई। बिजली का झटका इतना जोरदार था कि रामदीन की मौके पर ही मौत हो गई। देर रात तक जब रामदीन घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खेत पर उनका निर्जीव शरीर मिलने के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने तत्काल इस घटना की सूचना भगवां थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में लिया। शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है।

मृतक रामदीन रैकवार की पत्नी श्रीमती रम्बू रैकवार बरेठी वार्ड नंबर 8 से जनपद सदस्य हैं। एक जनप्रतिनिधि के परिवार में हुई इस आकस्मिक मौत से स्थानीय प्रशासन और राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है।

# विद्युत विभाग के कर्मचारी को घर में बंधक बनाकर अभद्रता, कोतवाली में शिकायत दर्ज



**छतरपुर**। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत महोबा रोड पर विद्युत विभाग के कर्मचारी के साथ अभद्रता और बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के कर्मचारी अखिलेश कुमार मिश्रा विभागीय नोटिस देने के लिए पुरुषोत्तम कुमार अग्रवाल के घर पहुंचे थे। इसी दौरान आरोप है कि पुरुषोत्तम कुमार अग्रवाल एवं अन्य लोगों ने उन्हें घर के अंदर रोक लिया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। बताया जा रहा है कि कर्मचारी को कुछ समय तक घर में ही बंधक बनाकर रखा गया। घटना के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी शाम के समय सिटी कोतवाली थाना पहुंचे, जहां पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। विद्युत विभाग के कर्मचारियों में घटना को लेकर नाराजगी देखी गई। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# केन-बेतवा विस्थापित किसानों के समर्थन में गरजे विक्रांत भूरिया, कहा- एफआईआर से डरने वाले नहीं

**छतरपुर**। केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित किसानों के समर्थन में आदिवासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया शुक्रवार को छतरपुर पहुंचे, जहां उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवा नेताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा एवं एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में शहर में विशाल बाइक रैली निकाली गई।

भगवा तिराहा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने विक्रांत भूरिया और यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह परमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ रैली पन्ना नाका पहुंची, जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस मौके पर विक्रांत भूरिया ने केन-बेतवा लिंक परियोजना से विस्थापित किसानों के समर्थन में बड़ा बयान देते हुए कहा कि किसानों की हक की लड़ाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि 50 लोगों पर एफआईआर हुई है तो क्या, 1000 लोगों पर भी एफआईआर हो जाए तो हम तैयार हैं, लेकिन पीड़ित परिवारों और किसानों की आवाज उठाना बंद नहीं करेंगे।

वहीं कार्यक्रम से पहले कांग्रेस नेता अमित भटनागर को पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने पर भी नेताओं ने नाराजगी जताई। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने वालों को दबाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नवागत एसपी ने चेंबर से बाहर निकलकर सुनी पीड़ितों की समस्याएं



**छतरपुर**। छतरपुर के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पदभार ग्रहण करते ही अपने कार्य करने के अंदाज को पेश किया है। आमतौर पर अधिकारियों से मिलने के लिए पीड़ितों को लंबा इंतजार करना पड़ता है, लेकिन एसपी रजत सकलेचा चेंबर से बाहर निकलकर फरियादियों की समस्यायें सुन रहे हैं। शुक्रवार को एसपी ऑफिस आए फरियादियों से एसपी ने सीधे संवाद किया और उनकी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके इस व्यवहार की आम जनता में काफी प्रशंसा हो रही है। एसपी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि जिला पुलिस प्रशासन अब पीड़ितों के लिए अधिक सुलभ और संवेदनशील रहेगा, ताकि न्याय पाने में लोगों को भटकना न पड़े।

# शनि अमावस्या 16 को, कूडऩताल में दिन में भंडारा, रात में भजन संध्या

**छतरपुर**। जिले के सिद्ध स्थल कूडऩताल में शनि अमावस्या के पावन अवसर पर आगामी 16 तारीख को शनि मंदिर में बैठे भगवान शनि और नवग्रह की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसी दिन भंडारे का भी आयोजन किया गया है। यहां आने वाले धर्म प्रेमियों को भजन संध्या के माध्यम से भगवान के पावन चरित्र को सुनने का अवसर मिलेगा।

शनि मंदिर के पुजारी रामेश्वर जोशी ने बताया कि साल में एक बार शनि अमावस्या पड़ती है। इस बार वट सावित्री पर्व के अवसर पर शनि अमावस्या आई है।कूडऩताल



स्थित शनि मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। सुबह से पूजा अर्चना, अभिषेक के बाद दोपहर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम को भजन संध्या रखी गई है। आसपास से लेकर संपूर्ण जिले और सीमावर्ती जिलों के लोगों से इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाने का आग्रह किया गया है। पुजारी श्री जोशी ने यह भी आग्रह किया कि यथाशक्ति सहयोग कर जीवन धन्य बनाएं।



# वैवाहिक कार्यक्रमों के चलते शहर में भारी जाम, रेंगते रहे वाहन

छतरपुर

शहर में बीती देर रात तक शादी-विवाह के कार्यक्रमों के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई रही। शहर के प्रमुख मैरिज गार्डन और विवाह घरों में आयोजनों के चलते सड़कों पर वाहनों का भारी दबाव देखा गया। सबसे ज्यादा खराब स्थिति फोर सीजन से लेकर चौबे तिराहा मार्ग पर रही, जहाँ घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। जाम में फंसे लोग देर रात तक परेशान होते रहे और वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। वैवाहिक सीजन के कारण मुख्य सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों और भीड़ ने आवागमन को पूरी तरह बाधित कर दिया, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# 12वीं राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 27 से

## पांच दिवसीय आयोजन के लिए गठित हुई 16 समितियां

**प्रदेश के नौ संभाग, आदिवासी विकास विभाग, लोक शिक्षण संचनालय की टीमें होंगी शामिल**

छतरपुर।

12वीं राज्य स्तरीय स्कूल स्तर की क्रिकेट एवं एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आगामी 27 मई से 31 मई तक जिला मुख्यालय में आयोजित होने जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं के बेहतर संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह ने 16 समितियों का गठन किया है। पूरी प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने तथा खिलाडिय़ों से जुड़े हर पहलुओं को ध्यान में रखकर दायित्व सौंप गए हैं। पांच दिवसीय प्रतियोगिताओं में केवल नौ संभाग के स्कूल स्तर के खिलाड़ी शामिल होंगे बल्कि आदिवासी विकास विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय के खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

प्रचार प्रसार समिति के प्रभारी सांदीपनी स्कूल के उपप्राचार्य आरके शर्मा ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश के पालन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 से 31 मई तक क्रिकेट एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं जिला मुख्यालय में आयोजित होने जा रही है। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से समितियां गठित कर दायित्व निर्धारित किए गए हैं। गठित समितियों में स्वागत समिति, मंच साज सज्जा समिति, पंजीयन समिति, प्रमाण पत्र लेखन समिति, उद्घोषणा समिति, मार्च पास्ट समिति, स्वल्पाहार, भोजन व्यवस्था समिति, पेयजल, तकनीकी एवं पुनर्विचार समिति, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित समिति, यातायात समिति, आवास समिति, चिकित्सा समिति, प्रचार प्रसार समिति के साथ ही अनुशासन समिति शामिल है। इन समितियों में शामिल कर्मचारियों को 25 मई को उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 1 के प्राचार्य के यहां अपनी उपस्थिति शाम 4 बजे के पहले देने होगी, क्योंकि 25 मई को 4 बजे ब्रीफिंग के माध्यम से आयोजन की रूपरेखा सबके सामने रखी जाएगी।

# झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई करने पहुंची स्वास्थ्य टीम को ग्रामीणों ने घेरा

***दो घंटे तक गांव में रोके रखा, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद निकली टीम***

बड़ामलहरा।

**ग्राम पंचायत बमनी घाट के ग्राम हरिजन खेड़ा में शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब स्वास्थ्य विभाग की टीम झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची। कार्रवाई का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने बीएमओ डॉ. जयंत यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को घेर लिया और गांव से बाहर नहीं जाने दिया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर प्रशासन और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।**

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को गांव में लंबे समय से एक कथित झोलाछाप डॉक्टर द्वारा अवैध रूप से इलाज किए जाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के आधार पर बीएमओ डॉ. जयंत यादव अपनी टीम के साथ जांच और कार्रवाई के लिए गांव पहुंचे थे। इसी दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को करीब दो घंटे तक गांव में ही रोककर रखा। मामला बढ़ता देख प्रशासन को सूचना दी गई, जिसके बाद बड़ामलहरा और गुलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं एसडीएम और तहसीलदार ने भी गांव पहुंचकर स्थिति संभाली।



अधिकारियों ने ग्रामीणों को करीब एक घंटे तक समझाइश दी, जिसके बाद मामला शांत हुआ और स्वास्थ्य विभाग की टीम को सुरक्षित गांव से बाहर निकाला गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रशासन का कहना है कि अवैध रूप से चिकित्सा कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

**द्वारका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए 13 मई तक करें आवेदन**

**छतरपुर**। धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2026-27 अंतर्गत 27 मई से 02 जून 2026 तक यात्रा का कैलेण्डर जारी किया गया है। जिसमें छतरपुर जिले से 250 तीर्थयात्रियों सहित 4 अनुरक्षक यात्रा 27 मई 2026 को द्वारका एवं सोमनाथ के लिए रवाना होगी। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने योजना के सफल क्रियांवयन के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उक्त यात्रा से संबंधित जानकारी विभागीय बेवसाईट पर उपलब्ध है। जिले के जाने वाले यात्री 13 मई 2026 तक संबंधित जनपद कार्यालय या स्थानीय निकाय में आवेदन जमा करें। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रा पर जाने के लिए आवेदक जिले का स्थाई निवासी हो और उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक हो, आयकर दाता नहीं हो। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र शासकीय चिकित्सक से प्राप्त हो। एक पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो एवं पहचान पत्र के साथ फॉर्म स्थानीय तहसील, निकाय या जनपद कार्यालय में जमा करें।

# 20 पेटी अवैध शराब व कार जब्त, तस्कर फरार

**छतरपुर**। पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ईशानगर थाना क्षेत्र में 20 पेटी (करीब 180 लीटर) अवैध शराब और एक नैनो कार जब्त की है। हालांकि कार्रवाई के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के संग्रह, विक्रय और परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना ईशानगर पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ग्राम बंधी पुलिया के पास पहुंची, जहां एक संदिग्ध कार खड़ी मिली। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी से 20 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। जब्त शराब और वाहन की कुल कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है।



पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में थाना ईशानगर में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश और आगे की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज गोयल, सहायक एएसआई धर्मेंद्र त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक हफीज खान, संतोष अहिरवार, आरक्षक दानिश अली, पुष्पेंद्र, दामोदर साहू और खुशेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने लोडर में मारी टक्कर, युवक की मौत, दो घायल

**छतरपुर**। नौगांव रोड पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े एक लोडर वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार लोडर वाहन में बकरियां भरी हुई थीं। वाहन चालक सल्लू रास्ते में शौच के लिए वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर नीचे उतरा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सीधे लोडर में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोडर में बैठे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में शाहबाज की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शिवम खटीक और बुद्धू खटीक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक सल्लू वाहन से नीचे होने के कारण बाल-बाल बच गया। घटना के बाद स्कॉर्पियो सवार वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



## नईगढ़ी में दो स्थानों पर बाल विवाह, प्रशासन और सामाजिक संगठनों ने रुकवाया

मऊगंज



जिले में बाल विवाह रोकथाम को लेकर प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम ने जनपद पंचायत नईगढ़ी क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर नाबालिग बालिकाओं के विवाह रुकवाए। कार्रवाई के दौरान परिवारों को समझाइश देकर बाल विवाह के सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी भी दी गई।पहली कार्रवाई 07 मई 2026 को अकौरी में की गई। बाल विवाह की सूचना मिलने पर संयुक्त टीम मौके पर पहुंची, जहां जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, आशीष कुमार शुक्ला एवं विभागीय पर्यवेक्षक दुर्गा मरावी सहित टीम ने परिवार को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। समझाइश के बाद परिवार ने विवाह स्थगित करने पर सहमति जताई, जिसके बाद पंचनामा तैयार कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई।वहीं दूसरी कार्रवाई 08 मई 2026 को भलुहा वार्ड क्रमांक 03 में की गई। जानकारी के अनुसार नाबालिग बालिका का विवाह देवतालाब मंदिर परिसर में कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विवाह रुकवाया। कार्रवाई नईगढ़ी परियोजना अधिकारी रविशंकर पांडेय के निर्देशन में संपन्न हुई। इस दौरान जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, आशीष कुमार शुक्ला, पर्यवेक्षक सुमन शर्मा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनू शुक्ला सहित पुलिस एवं विभागीय अमला मौजूद रहा।संयुक्त टीम द्वारा दोनों परिवारों को बाल विवाह से होने वाले सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। समझाइश के बाद परिवारों ने बाल विवाह न करने की सहमति दी, जिसके बाद पंचनामा तैयार कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई।प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों की सक्रियता से नईगढ़ी क्षेत्र में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर जानकारी दें। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

## तेज रफ्तार कार का कहर, 4 वर्षीय मासूम को कुचला हवा में उछलकर दूर जा गिरी बच्ची हुई मौत

**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 4 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर लगते ही बच्ची हवा में उछलकर करीब 100 फीट दूर जा गिरी। गंभीर रूप से घायल बच्ची को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और आक्रोशित लोगों ने भाग रहे चालक को कार सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना गुरुवार शाम करीब 4 बजे सिरमौर जनपद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 स्थित क्योटी रोड की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सगरा हरिहरपुर निवासी पूजा सेन अपनी 4 वर्षीय पुत्री अमृता के साथ मायके आई हुई थीं। परिवार में उनके भाई का विवाह समारोह चल रहा था और घर में उत्सव का माहौल था। रिश्तेदारों और मेहमानों की मौजूदगी के बीच घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं।

# कलेक्टर ने सकरवट गांव में लगाई ग्राम चौपाल जमीन में बैठकर ग्रामवासियों की सुनी समस्याएं

**रीवा ।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने रीवा जनपद के ग्राम सकरवट में देर शाम ग्राम चौपाल लगाई तथा जमीन में बैठकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं। ग्रामवासियों ने भी अपनत्व भाव से कलेक्टर को एक-एक कर गांव की समस्याएं बताईं जिनका कलेक्टर ने समाधान कारक निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेने व जमीनी हकीकत को परखने के लिए सीधे संवाद करने मैं आपके गांव आया हूँ। आप बेहिचक अपनी सभी समस्याएं बता सकते हैं ताकि गांव में संचालित विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों का समुचित ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा सके और लोगों को इनका लाभ मिल सके। ग्राम चौपाल कार्यक्रम में सकरवट के रहवासियों ने गांव में सड़क की समुचित व्यवस्था न होने की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट किया तथा कहा कि राजस्व रिकार्ड में सड़कों को दर्ज कराया जाए साथ ही सुमेदा तक सड़क निर्माण करा दिया जाए। उन्होंने गांव की मुख्य सड़क को खोदकर अवरोध पैदा करने के कारण हो रही समस्याओं की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट किया। ग्रामवासियों ने ट्रांसफार्मर का सुधार कराने, बनकुइयाँ बांध का सुधार कराने तथा खेल मैदान के लिए भूमि उपलब्धता की मांग भी रखी। गांव वासियों ने आंगनवाड़ी के नियमित नहीं खुलने की भी बात कलेक्टर से कही तथा गांव में दो अन्य आंगनवाड़ी केन्द्र खोले जाने की मांग की। ग्रामवासियों ने गांव में पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध कलेक्टर से किया। कलेक्टर ने ग्रामवासियों को आश्वस्त करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी के नियमित संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की उपस्थिति नियमित करें तथा आशा कार्यकर्ता भी अपना कार्य ठीक ढंग से करें। उन्होंने विद्यालय में शौचालय का सुधार कार्य तत्काल कराने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल में कलेक्टर ने स्थानीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र से मध्यान्ह भोजन प्राप्त होने तथा कक्षाओं के नियमित संचालन की बात पूछी। विद्यार्थी ने बेहिचक कलेक्टर के सवालों का जवाब दिया।



उसकी बात से प्रभावित होते हुए कलेक्टर ने कहा कि रीवा की धरती विद्वानों की धरती है। उन्होंने सकरवट ग्राम में जल आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। लोगों ने बताया कि शासकीय हैण्डपंप में स्थानीयजनों ने मोटर डाल रखी है। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि अब यह मोटर शासकीय होगी और सभी को इससे पानी मिलेगा। उन्होंने पीएचई के अधिकारियों को 15 जून तक नलजल योजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गांव में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उपयुक्त जमीन में खेल मैदान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांववासियों से अपील की कि वह स्वयं एवं अपने बच्चों व युवाओं को नशे से दूर रखें। किसान बंधु फार्मर रजिस्ट्री कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ लें। कलेक्टर ने पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला भी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर का हिच चोरी कर ले गया बदमाश, सीसीटीवी फुटेज में नजर आए, ट्रैक्टर मालिक ने चोर की पहचान बताने वाले व्यक्ति को 5100 रुपए नकद इनाम देने की घोषणा

रीवा।

जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में चोरी की एक अनोखी वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोर रात के अंधेरे में घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से ट्रॉली जोड़ने वाला लोहे का हिच चोरी कर फरार हो गया। चोरी की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। वहीं ट्रैक्टर मालिक ने चोर की पहचान बताने वाले व्यक्ति को 5100 रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की है।जानकारी के अनुसार मामला सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बदराव तिवारियांन का है। गांव निवासी राकेश प्रसाद तिवारी ने अपने घर के बाहर ट्रैक्टर खड़ा किया था। देर रात अज्ञात चोर मौके पर पहुंचा और ट्रैक्टर में लगी ट्रॉली फसाने वाली लोहे की हिच खोलकर अपने साथ ले गया। वारदात के दौरान चोर को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उसकी पूरी गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो रही है। सुबह जब परिजनों ने ट्रैक्टर देखा तो उसमें लगा हिच गायब मिला। इसके बाद आसपास तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। संदेह होने पर घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक संदिग्ध युवक चोरी करते हुए दिखाई दिया। हालांकि फुटेज में चेहरा पूरी तरह स्पष्ट नहीं होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पीड़ित राकेश प्रसाद तिवारी ने घटना की सूचना सिरमौर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## एनीमिया मुक्त भारत स्कोर कार्ड 2025-26 में मध्यप्रदेश देश में प्रथमः उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य अमले को दी बधाई

रीवा । मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) स्कोरकार्ड 2025-26" में 92.1 एएमबी इंडेक्स के साथ देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार और एनीमिया नियंत्रण की दिशा में प्रदेश सरकार की सतत प्रतिबद्धता और प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम सहयोगी विभागों और मैदानी स्वास्थ्य अमले को बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार, पोषण सुदृढ़ीकरण तथा एनीमिया उन्मूलन के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित मध्यप्रदेश की आधारशिला हैं। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के प्रत्येक मानक में निरंतर सुधार के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सरकार ने स्वस्थ मध्यप्रदेश की ओर एक और सशक्त कदम बढ़ाते हुए भविष्य में भी जनस्वास्थ्य के सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने का संकल्प दोहराया है। उन्होंने कहा कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश में व्यापक जनजागरूकता, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आयरन-फोलिक एसिड वितरण तथा पोषण संबंधी गतिविधियों को मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहे हैं। मध्यप्रदेश ने बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं में आयरन-फॉलिक एसिड (आईएफए) अनुपूरण कवरेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश ने 6 से 59 माह के बच्चों में 80.4, 5 से 9 वर्ष के बच्चों में 95, किशोर वर्ग में 95, गर्भवती महिलाओं में 95 तथा धात्री माताओं में 95 प्रतिशत कवरेज प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान अर्जित किया। राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश के बाद आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना संयुक्त रूप से 90.6 एएमबी इंडेक्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि तमिलनाडु 89.9 इंडेक्स के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## महिलाओं के जरिए चल रहा था नशे का कारोबार, कबाड़ी मोहल्ले से दो महिलाएं गिरफ्तार, नशीली कफ सिरप की शीशियां जब्त, सिविल लाइन थाना पुलिस की कार्रवाई

**रीवा।** शहर में नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन अब इस कारोबार में महिलाओं की संलिप्तता सामने आने लगी है। रीवा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कबाड़ी मोहल्ले में पुलिस ने गुरुवार रात कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है, जो कथित रूप से नशीली कफ सिरप की बिक्री कर रही थीं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में नशे में प्रयुक्त कफ सिरप की शीशियां बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि लंबे समय से इलाके में अवैध रूप से नशे का कारोबार संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों द्वारा भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर कार्रवाई की योजना बनाई। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना पुलिस को गुरुवार देर शाम सूचना प्राप्त हुई थी कि कबाड़ी मोहल्ले में कुछ महिलाएं युवाओं को नशीली कफ सिरप बेच रही हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि पुलिस ने मौके से दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान महिलाओं के पास से नशीले पदार्थ के रूप में उपयोग की



जाने वाली कफ सिरप की कई शीशियां बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन कफ सिरप का उपयोग नशे के रूप में किया जाता था और इन्हें युवाओं को ऊंचे दामों में बेचा जा रहा था। पुलिस ने जब्त सामग्री को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उन्हें नशीली कफ सिरप की सप्लाई कहां से हो रही थी और इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

